शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशारोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई– मेल :–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट :–https://snpv.ac.in

क्रमांक 3255/E/परीक्षा–गोपनीय/2025 रायगढ़, दिनांक 16/01/2025

–:: अधिसूचना ::–

शेष विषम सेमेस्टर परीक्षा एंव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु प्रवेश पत्र (Admit card)

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) की शेष विषम सेमेस्टर परीक्षा एंव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2024–25 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में अधिसूचित समय–सारणी अनुसार 23/01/2024 से प्रारंभ हो रही है, परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 17/01/2025 से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर लिंक के माध्यम से डाउनलोड़ किये जायेंगे।

प्रवेश पत्र के लिए परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फॉर्म भरते समय उपयोग की गयी यूजर आई.डी./नामांकन क्रमांक एवं आधार नम्बर का प्रयोग करते हुए **https://snpv.ac.in** के **QUICK LINK** पर **ADMIT CARD-SEMESTER EXAM** पर जा कर डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षार्थी डाउनलोड किए गये प्रवेश पत्र का भली–भांति अवलोकन कर परीक्षण कर लेवें। परीक्षा फॉर्म भरते समय संबंधित परीक्षार्थी द्वारा हुई त्रुटि के कारण प्रवेश पत्र में भी तदनुसार आंशिक त्रुटि हो सकती है, ऐसी स्थिति में यथाशीघ्र विश्वविद्यालय आकर सुधार करा लेवें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय द्वारा मेनुअल प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश पत्र के साथ समय–सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाईन नंबर श्री संदीप शर्मा (परीक्षा कक्ष प्रभारी) मो.न. 8827090904 एवं श्री कार्तिकेश्वर पटेल (परीक्षा विभाग) मो.न. 7697589068 पर संपर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक 3256/E/परीक्षा–गोपनीय/2025 रायगढ़, दिनांक 16/01/2025

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति, के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/प्रभारी अधिकारी (परीक्षा/अकादमी/भंडार/प्रशासन) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त परीक्षा केन्द्र एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
04. विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारी को वेबपोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
05. कक्ष अधिकारी, परीक्षा–गोपनीय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)